**JAIN COLLEGE, J. C Road, Bangalore**
**Mock Paper – 1, January - 2017**
**I PUC – HINDI (03)**

समय: 3:15 मिनट | कुल अंक:100

सूचना: 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी तथा देवनागरी लिपी में लिखना आवश्यक है।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है।

**I.(अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 1x6=6**

1. असंभव को संभव बनाने वाली चीज क्या है?
2. कौन बड़ा ईर्ष्यालु माना जाता है?
3. डॉ.अंबेडकर पत्नी और बच्चों से भी अधिक किसे मानते थे?
4. कोरोनरी धमनियों में सिकुड़न आने का एक बड़ा कारण क्या है?
5. राष्ट्र का सुखदायी रुप क्या है?
6. बेहोशी का अभिनय करने वाले लड़के का नाम लिखिए?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 3x3=9**

7. भारतवर्ष का पुनरुत्थान कैसे होगा?
8. 'निन्दा रस' निबन्ध का आशय अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।
9. लंडन के गोलमेज सम्मेलन में अंबेडकर जी ने किन विषयों पर प्रकाश डाला?
10. 'बैलून एंजियोप्लास्टी' तकनीक क्या है?
11. जिला परिषद के बाहर का दृश्य प्रस्तुत कीजिए?

**II.(अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? 1x4=4**

12. भैया, अब कभी मत कहना कि तुम्हारा मुँह न देखूँगा।
13. क्या पंड़िताइन चाची तुम्हारी तरह नहीं है?
14. 'कहिए, दिल जम गया या बच गया।'
15. आपका उम्मीदवार किस डिवीजन में पास है?

**(आ) निम्नलिखित में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: 3x2=6**

16. उससे जो कुछ भूल हुई, उसे तुम बड़े होकर क्षमा करो।
17. वह आकर्षण है–सरल भक्ति का, प्रकृति के वैभव का।
18. जन का प्रवाह अनंत होता है।
19. सन्निपात है वैद्य परमानंद को और स्नायुरोग है प्रोफेसर पांडुरंग को।

**III.(अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए: 1x6=6**

20. मधुर वचन से क्या मिटता है?
21. यह संसार किस का खेल है?
22. कवयित्री को प्रेम का क्या दिखाई देता है?
23. 'तुम आओ मन के मुग्धमीत' कविता के कवि कौन है?
24. वीर किससे हाथ मिलाता है?
25. नारी ने इस धरती को धन्य कैसे किया?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 3x2=6**

26. गुरु की महिमा के बारे में कबीर क्या कहते हैं?
27. तुलसीदास के अनुसार संत के स्वभाव का वर्णन कीजिए?
28. 'तोड़ती पत्थर' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।
29. बच्चनजी ने संसार और जीवन के संबंध में क्या कहा है?

**(इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए:** **4x2=8**

30. ज्ञान से अज्ञान दूर होता है,
ज्योति से तमंध दूर होता है,
सत्य से असत्य दूर होता है,
पारस से लोहत्व दूर होता है,
आपके शरणों के अनुभाव से,
मेरा भव छूट गया, कूड़लसंगम देवा ।

**अथवा**

मोर–पंख सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माला गरें पहिरौंगी ।
ओढ़ि पिताम्बर लै लकुटी, बन गोधन ग्वारन संग फिरौंगी ॥
भावतो मोहि मेरो 'रसखानि', सो तेरे कहें सब स्वांग भरौंगी ।
या मुरली मुरलीधर की, अधरान–धरी अधरा न धरौंगी ॥

31. "कहाँ जन्म है तेरा?" मैंने पूछा जब प्रतिभा से,
'महलों में? गुलगुले गलीचों पर? गुलाब की क्यारी में?
वृद्धों की चिंता में? बच्चों की दंतहीन किलकारी में?
बोलो, तुम रहती कहाँ? जानने को हम सब हैं कितने प्यासे!"

**अथवा**

पथ क्या वह बाधाएँ जिसमें
बार–बार टकराती ना हों ।
और तितलियाँ रोक रास्ता
राही को ललचाती ना हों ।
पर तुम डरकर या ललचाकर
बीच राह में मत रुक जाना ।

**IV. (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **1x6=6**

32. सीली जगह में सोते हुए बालक ने क्या ओढ़ लिया?
33. श्मशान किस से बातें कर रहा है?
34. प्रभा की सगाई किन के साथ हुई?
35. भीख माँगना किसी भी व्यक्ति के लिए क्या है?
36. हेमलता ठाकुर सिलिया के साथ किस कक्षा में पढ़ती थी?
37. मुंशी जी की तबीयत किससे ऊब गई थी?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x3=9**

38. शराबी को बच्चा कहाँ मिला? वह उसे अपने साथ क्यों लाया?
39. मनुष्य के प्रेम के बारे में श्मशान के विचार प्रकट कीजिए।
40. 'खून का रिश्ता' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।
41. चन्द्रप्रकाश अपने फ्लैट में बेघर लोगों को क्यों नहीं रख पाया?
42. सिलिया के स्वभाव का परिचय दीजिए।
43. रामचन्द्र का परिचय दीजिए।

**V. (अ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **1x5=5**

44. (क) हम हमारे देश को प्यार करते हैं।
(ख) वह प्रात:काल के समय आया।
(ग) मोहन की पिताजी अस्वस्थ हैं।
(घ) साहित्य और जीवन का घोर सम्बन्ध है।

(ङ) उनने आपसे क्या कहा?

**(आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए: 1x5=5**

[का, में, के, पर, की, ने]

45. (क) उसके सीने........दर्द उठने लगता है।
(ख) इसके साथ ही जोरों.........पसीना छूटने लगता है।
(ग) मितली........शिकायत भी हो सकती है।
(घ) पास........डॉक्टर को बुला भेजें।
(ङ) कास्टेल उपस्थितियों के संगम स्थल.......जोरों का दर्द हो सकता है।

**(इ) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: 1x4=4**

46.

| | |
|---|---|
| 1. कलई खुलना | क. सिद्धांत हीन व्यक्ति |
| 2. खाक छानना | ख. लज्जित हो जाना |
| 3. गड़ जाना | ग. मारे–मारे फिरना |
| 4. थाली का बैंगन | घ. भेद खुलना |

**(ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: 1x3=3**

47. क. उसने फल खाया। [वर्तमानकाल में बदलिए]
ख. श्याम काम करेगा। [भूतकाल में बदलिए]
ग. लड़के मैदान में खेल रहे थे। [भविष्यत्काल में बदलिए]

**(उ) अन्य लिंग रुप लिखिए: 1x2=2**

48. तेजस्वी, सुत

**(ऊ) अन्य वचन रुप लिखिए: 1x2=2**

49. गुड़िया, तोप

**(ए) समानार्थक शब्द लिखिए: 1x2=2**

50. कमल, समुद्र

**(ऐ) विलोम शब्द लिखिए: 1x2=2**

51. पंड़ित, कृपण

**VI. (अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x5=5**

52. प्रात:काल अथवा सायंकाल व्यायाम का उत्तम समय है। व्यायाम तभी करना चाहिए जब शरीर स्वस्थ हो। रोगी मनुष्य केवल सैर का आनंद ले तो अच्छा है। व्यायाम करने में सावधानियाँ बरतनी चाहिए। कभी–कभी अनुचित ढंग से किया गया व्यायाम हानीकारक भी सिद्द होता है। यहाँ तक कि जानलेवा भी बन जाता है। योगासन तथा शारीरिक अभ्यास प्रशिक्षण लेकर ही करना चाहिए। भूख और प्यास में व्यायाम कभी नहीं करना चाहिए। व्यायाम के तुरन्त बाद नहाना भी नहीं चाहिए। व्यायाम अपनी शक्ति से बढ़कर नहीं करना चाहिए। व्यायाम का सही लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि व्यायाम सदा खुले स्थान में ही किया जाए।

**प्रश्न:**

1. रोगी व्यक्ति किस प्रकार का व्यायाम कर सकता है?
2. कौन–कौन से व्यायाम प्रशिक्षण लेने के बाद करने चाहिए?
3. कब व्यायाम नहीं करना चाहिए?
4. अपनी शक्ति से बढ़कर क्या नहीं करना चाहिए?
5. व्यायाम के सही लाभ प्राप्त करने के लिए किस बात का ध्यान रखना आवश्यक है?

**53. (आ)** अपने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को विद्यालय छोड़ने का प्रमाण–पत्र लेने के लिए प्रार्थना–पत्र लिखिए।

**1x5=5**

**अथवा**

अपने मित्र को जन्म–दिन पर निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

**(इ) 54. हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **1x5=5**

1. Holi is the festival of colours.
2. Today it is raining in Delhi.
3. Soul is immortal.
4. We should respect other religions.
5. Pupils are playing in the playgound.

*****